## दैनिक गतिविधि प्रतिवेदन (एक दिवसीय कार्यशाला ) महाविद्यालय परिसर जोबी–बर्रा जिला–रायगढ (छ.ग.)

## अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस

दिनांक 21/06/2019

आज दिनांक 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के रा.से.योजना इकाई के 35 स्वंय सेवकों, तथा महाविद्यालय के 30 अन्य छात्र/छात्राओं की उपस्थिति में योग दिवस मनाया गया। योग दिवस में भ्रामरी, अनुलोम विलोम, बज्रासन, सवासन, तड़ासन, कर्णधनुआसन, सिंहासन, गोमुखासन, कपालभांति, प्राणायाम, अर्धचन्द्रासन, भुजंगआसन आदि आसन व योग सामूहिक रुप से किया गया। योगभ्यास के बाद ओंकार व शांतिपाठ से कार्यक्रम समाप्त किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य श्रीमती अर्चना आसटकर, प्राध्यापक श्री आर.के.थवाईत, श्री.एस.पी.दर्शन , कु. हेमलता पाण्डेय, कु.दृष्टि सिंह राजपूत ,कु.प्रतिमा कमलसेन, अक्षय कंवर, रुपेन्द साहू, दुलेश्वर साहू तथा कार्यालयीन स्टॉफ श्री पी.एल.अनंत ,श्री.पी.एस.सिदार, मोहन सारथी, रोशन राठिया उपस्थित थे।

कार्यक्रम अधिकारी, रा. से. यो.
शहीद वीर नारायण सिंह शास. महा
जोबी–बर्रा, जिला–रायगढ (छ ग)

Principal
Shahid Veer Narayan Singh Govt. College
Jobi-Barra, Dist.- Raigarh (C.G.)



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस
21/06/2019

<u>दैनिक गतिविधि प्रतिवेदन (एक दिवसीय कार्यशाला ) महाविद्यालय परिसर जोबी–बर्रा जिला–रायगढ (छ.ग.)</u>

## वृक्षारोपण

आज दिनांक 10 जुलाई 2019 को महाविद्यालय परिसर में रा.से.योजना के स्वंय सेवकों , अधिकारियों व कर्मचरियों के द्वारा ग्रीन महाविद्यालय थीम पर महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण का कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य श्रीमती अर्चना आसटकर से किया गया जिसके द्वारा फलदार वृक्ष आम व जामुन लगाया गया। महाविद्यालय परिसर में रा.से.योजना स्वंयसेवकों द्वारा लगभग 40 वृक्ष लगाया गया जिसमें आम, जामुन, शीशम, आंवला, करंज, गुलमोहर, नीम, कटहल, अमरुद के वृक्ष लगाया गया। वृक्षारोपण में महाविद्यालय के अधिकारी व कर्मचारियों के द्वारा भी वृक्षारोपण किया गया।

कार्यक्रम अधिकारी, रा. से. यो
शहीद वीर नारायण सिंह शास. महा
जोबी–बर्रा जिला–रायगढ (छ.ग.)

Principal
Shahid Veer Narayan Singh Govt. College
Jobi-Barra, Dist.- Raigarh (C.G.)

पांचो बाई
(सरपंच)
ग्राम पंचायत जोबी



# दैनिक गतिविधि प्रतिवेदन महाविद्यालय परिसर
## स्वच्छता अभियान
## दिनांक 25/08/2019 दिन–मंगलवार

आज दिनांक 25/08/2019 को रा.से.योजना के दैनिक गतिविधि कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर तथा अध्ययन कक्षाओं, कार्यालय की साफ–सफाई की गई तथा परिसर की साफ–सफाई के पश्चात् जनजागरूकता हेतु रा.से. योजना के कैडेट द्वारा रैली निकाल कर गॉवों का भ्रमण किया गया। रैली में स्वच्छता संबधी कई प्रकार के नारे लगाए गए। रैली ग्रामों के गलियों चौक चौराहा से होते हुए महाविद्यालय प्रांगण में समाप्त हुआ। रैली को महाविद्यालय के प्राचार्य श्रीमती अर्चना आसटकर ने हरी झंण्डी देकर रवाना किया था, रैली का नेतृत्व कार्यक्रम अधिकारी श्री आर.के.थवाईत द्वारा किया गया। रैली व स्वच्छता कार्यक्रम में 85 स्वंय सेवकों ने भाग लिया । रैली के वापसी के पश्चात् रा.से.योजना स्वंय सेवकों को स्वल्पाहार वितरित कर गतिविधी का समापन किया गया।

सरपंच
ग्राम पंचायत जोबी
ग्राम पंचा. खरसिया

कार्यक्रम अधिकारी, रा. से. यो
शहीद वीर नारायण सिंह शास. महा
जोबी–बर्रा जिला–रायगढ़ (छ.ग.)

25/8/19
Principal
Shahid Veer Narayan Singh Govt. College
Jobi-Barra, Dist.- Raigarh (C.G.)



# दैनिक गतिविधि प्रतिवेदन (एक दिवसीय कार्यशाला ) महाविद्यालय परिसर जोबी–बर्रा जिला–रायगढ (छ.ग.)

## राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस

आज दिनांक 24 सितम्बर 2019 को महाविद्यालय परिसर में रा.से.योजना के स्वंय सेवकों , अधिकारियों व कर्मचरियों के द्वारा महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यकम की शुरुआत रा.से.योजना गीत, तथा नारे से की गई तत्पश्चात् सरस्वती माता व विवेकानंद जी के तस्वीर की पूजा अर्चना से की गई। छात्राओं द्वारा रंगोली के रुप में रा.से.योजना का लोगो बनाया और यह संदेश दिया कि हमें हर वक्त देश की सेवा के लिए तत्पर रहना चाहिए । कार्यकम में कार्यकम अधिकारी द्वारा रा.से.योजना की स्थापना , उददेश्य की जानकारी दी , संस्था के प्राचार्य द्वारा रा.से.योजना की मूल भावना की जानकारी दी, महाविद्यालय के हिन्दी के प्राध्यापक द्वारा महान लोगों के जीवन से जुड़े कई रोचक प्रंसग सुनाकर छात्रों को सेवा भाव के प्रेरित किया। रा.से.योजना के पूर्व स्वंयसेवकों द्वारा रा.से. योजना के मूल उददेश्य पर चर्चा की गई। इस दौरान पोस्टर प्रतियोगिता तथा नारा लेखन प्रतियोगिता आयोजित कराई गयी । कार्यकम में महाविद्यालय के समस्त स्टॉफ तथा छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

कार्यक्रम अधिकारी, रा. से. यो
शहीद वीर नारायण सिंह शास. महा
जोबी–बर्रा, जिला–रायगढ (छ ग

Principal
Shahid Veer Narayan Singh Govt. College
Jobi-Barra, Dist.- Raigarh (C.G.)




राष्ट्
सेव
योज
स्थ
दि

<u>दैनिक गतिविधि प्रतिवेदन (एक दिवसीय कार्यशाला ) महाविद्यालय परिसर</u>
<u>जोबी–बर्रा जिला–रायगढ (छ.ग.)</u>
<u>दिनांक 28/09/2019 दिन–शनिवार</u>

रा.से.यो द्वारा सितम्बर माह को पोषक आहार माह घोषित किया गया है ,इसी तारतम्य में आज दिनांक 28/09/2019 को शहीद वीर नारायण सिंह शास.महाविद्यालय जोबी–बर्रा,जिला–रायगढ़ (छ.ग.) के रा.से.यो.इकाई द्वारा महाविद्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला "'**पोषक आहार** " विषय पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत रा.से.यो.के प्रेरणा पुरूष स्वामी विवेकानंद एवं मां सरस्वती की पूजा अर्चना के द्वारा प्रारंभ किया गया । तत्पश्चात् संध्या, जया, शकुन्तला, ग्रुप द्वारा स्वागत गीत एवं रा.से.यो.गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम अधिकारी श्री रविन्द्र कुमार थवाईत द्वारा कार्यशाला विषय पर प्रारंभिक व्याख्यान दिया गया। उन्होने बताया कि स्वस्थ्य जीवन के लिए कुछ धारण करने योग्य बातें जिसे अपना कर अपने जीवन को स्वस्थ्य व दीर्घायु बना सकते है। तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य श्रीमती अर्चना आसटकर द्वारा युवाओं में नशे के दुष्प्रभाव एवं आर्गेनिक खेती एवं संतुलित आहार की जानकारी दी गई। विषय विशेषज्ञ के रूप में आये श्री डॉ.सुरेन्द्र राठिया (विकास खण्ड चिकित्सा अधिकारी,खरसिया ) द्वारा युवाओं में किए जाने वाले विभिन्न प्रकार के नशें एवं उसके दुष्प्रभाव तथा परिवार के उपर पड़ने वाला सामजिक एवं वित्तीय दुष्प्रभााव एवं इन सबसे बचाने की जानकारी दी गई, डॉ. मनीषा राठिया (प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र,जोबी ) द्वारा गर्भवती महिलाओं एंव किशोरियों में असंतुलित आहार से होने वाले नुकसान एवं उसके उपाय की जानकारी दी। डॉ.एम.महापात्र (आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी बर्रा ) द्वारा जनजागृति की कमी से होने वाली बीमारियों अंधविश्वास , फल सब्जी उगाने पर एवं पशुधन के पालन पर जोर दिया गया। आये हुए विषय विशेषज्ञों द्वारा पोषक आहार के विविध आयामों की जानकारी दी गई तथा संतुलित पोषक आहार को दीर्घ जीवन का आधार बताया। पोषक आहार से स्वस्थ्य शरीर एवं स्वस्थ्य मस्तिक का विकास होता है। भोजन में फास्ट फूड को शामिल नहीं करने व फल सब्जियों के अधिक सेवन पर जोर दिया गया। इस अवसर पर गांव के सरपंच श्रीमती पांचो बाई रमला राठिया, विधायक प्रतिनिधी श्री रामदयाल राठिया, जनप्रतिनिधी श्री सुरेन्द्र कुमार राठिया, श्री रामकुमार पाण्डेय,श्री सुरेश कुमार राठिया, श्री मेघसिंह गवेल, एवं गणमान्य नागरिक एवं महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए महाविद्यालय के प्राध्यापक श्री.एस.पी.दर्शन , श्री व्ही.पी.पटेल, श्रीमती श्वेता जैन, कु. हेमलता पाण्डेय, कु.दृष्टि सिंह राजपूत ,कु.प्रतिमा कमलसेन, अक्षय कंवर, तथा कार्यालयीन स्टॉफ श्री पी.एल.अनंत ,श्री.पी.एस.सिदार, मोहन सारथी, रोशन राठिया उपस्थित थे। कार्यक्रम में पूर्व रा.से.यो. कैडेट दुर्गेश मेहर , पुष्पेन्द्र पटेल, टिकेश्वर पटेल का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन प्रो. श्रीमती श्वेता जैन तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रो.रविन्द्र कुमार थवाईत द्वारा किया गया। अंत में अतिथि गण एवं विद्यार्थियों के लिए स्वल्पाहार रा.से.यो. द्वारा व्यवस्था किया गया था।

पांचोबाई
सरपंच
ग्राम पंचायत जोबी
ज० पंचा० खरसिया

कार्यक्रम अधिकारी, रा. से. यो.

Principal
Shahid Veer Narayan Singh Govt. College
Jobi-Barra, Dist.- Raigarh (C.G.)

# जोबी कॉलेज में सुपोषण को लेकर हुई कार्यशाला

**खरसिया 28 सितम्बर।** शहीद वीरनारायण सिंह शास.महाविद्यालय जोबी-बर्रा में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा घोषित पोषक आहार माह के तहत एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें वक्ताओं ने पोषक-आहार विषय पर सारगर्भित विचार रखे।

प्रेरणा पुरूष स्वामी विवेकानंद एवं मां सरस्वती की पूजा अर्चना के पश्चात् संध्या, जया, शकुन्तला, हेमलता, अमरूद, नंदनी, रूप द्वारा स्वागत गीत एवं रासेयो गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम अधिकारी रविन्द्र कुमार थवाईत द्वारा कार्यशाला विषय पर प्रारंभिक व्याख्यान दिया गया। उन्होने बताया कि स्वस्थ्य जीवन के लिए कुछ धारण करने योग्य बातों को अपनाकर अपने जीवन को स्वस्थ्य व दीर्घायु कैसे बनाया जा सकता है।



वहीं महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती अर्चना आसटकर द्वारा युवाओं में नशे के दुष्प्रभाव एवं आर्गेनिक खेती एवं संतुलित आहार की जानकारी दी गई। विषय विशेषज्ञ के रूप में आये बीएमओ डॉ.सुरेश राठिया द्वारा युवाओं में किये जाने वाले विभिन्न प्रकार के नशे एवं उसके दुष्प्रभाव एवं परिवार के उपर पडने वाला सामाजिक एवं वित्तीय दुष्प्रभाव एवं इन सबसे बचने के उपाय की जानकारीदी गई। वहीं डॉ. मनीषा राठिया ने गर्भवती महिलाओं एवं किशोरियों में असंतुलित आहार से होने वाले नुकसान एवं उसके उपाय की जानकारी दी। डॉ.एम.महापात्र आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी द्वारा जनजागृति की कमी से होने वाली बीमारियों, अंधविश्वस एवं स्वच्छता, सफाई के साथ घरों में फल सब्जी उगाने पर तथा पशुधन के पालन पर जोर दिया गया।

इस अवसर पर सरपंच श्रीमती पांचोबाई रमला राठिया, जनभागीदारी समिति के सदस्यगण तथा जमील कुरैशी व महाविद्यालय के प्राध्यापक एसपी.दर्शन, व्हीपी.पटेल, श्रीमती श्वेता जैन, कु. हेमलता पाण्डेय, कु.दृष्टि सिंह राजपूत, कु.प्रतिमा कमलसेन, अक्षय कंवर तथा पीएल.अनंत, पीएस.सिदार, अजय श्रीवास, श्रीमती रानूचन्द्रा, मोहन सारथी, रोशन राठिया उपस्थित रहे।

# दैनिक गतिविधि प्रतिवेदन (एक दिवसीय कार्यशाला ) महाविद्यालय परिसर जोबी–बर्रा जिला–रायगढ (छ.ग.)

## गॉधी जयंती

दिनांक 02/10/2019

आज दिनांक 02/10/2019 को रा.से.योजना के दैनिक गतिविधि कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में गॉधी जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत रा.से.योजना गीत, तथा नारे से की गई तत्पश्चात् महात्मा गॉधी व विवेकानंद जी के तस्वीर की पूजा अर्चना की गई। कार्यक्रम में 92 रा.से.योजना स्वयं सेवकों तथा महाविद्यालय के 100 छात्र/छात्रा उपस्थित थे। कार्यक्रम में भाषण, गीत का कार्यक्रम रखा गया था। तत्पश्चात् 25 स्वंय सेवकों ने निंबध प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य सहित समस्त स्टॉफ ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

कार्यक्रम अधिकारी, रा. से. यो.
शहीद वीर नारायण सिंह शास. महा
जोबी–बर्रा जिला–रायगढ (छ.ग.

Principal
Shahid Veer Narayan Singh Govt. College
Jobi-Barra, Dist.- Raigarh (C.G.)


KNOWEIJE IS POWER
गाँधी जयंती

# दैनिक गतिविधि प्रतिवेदन (एक दिवसीय शिविर) गोद ग्राम –बर्रा

## विकासखण्ड खरसिया जिला–रायगढ़ (छ.ग.)

## दिनांक 18/11/2019 दिन–सोमवार

एक दिवसीय शिविर राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत दिनांक 18/11/2019 शिविर प्रात : कालीन प्रभात , प्रार्थना, विचार अभिव्यक्ति से शुरू हुई। राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र–छात्राओं द्वारा परियोजना कार्य 10:30 बजे तक सम्पन्न की गई। इस दिन विशेष परियोजना कार्य के तहत गॉव में रैली निकाल कर ग्रामीणों को स्वच्छता के लिए जागरूक किया गया। नारा लगाने हुए गॉव के नल, कुआं हैडपंप, तालाब एवं गली मोहल्लों की साफ–सफाई करते हुए प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला पहुॅचकर बच्चों से सामान्य ज्ञान की चर्चा करते हुए उन्हें जानकारी प्रदान की गई।

इसके पश्चात् विद्यार्थियों के द्वारा स्वल्पाहार ग्रहण किया गया तत्पश्चात् 12:00 बजे से 2:00 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम/गतिविधियॉ संचालित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत मॉ सरस्वती एवं युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद की पूजा–अर्चना कर किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती संतोषी राठिया, (जनपद सदस्य) , श्रीमती तारादेवी राठिया (सरपच ग्राम बर्रा ) , श्रीमती उमादेवी राठिया (जिला पंचायत सदस्य ) , श्रीमती अर्चना आसटकर (प्राचार्य महाविद्यालय जोबी) श्री आर.के.थवाईत ( रा.से.योजना कार्यक्रम अधिकारी) उपस्थित थे।

इसके अलावा अतिथि के रूप में सुरेन्द्र सिंह राठिया ( विधायक प्रतिनिधि) पवन कुमार राठिया (पंच) प्रेम सिंह राठिया, श्री किशन राठिया , नरहरि सिंह सिदार, ध्वाजा राठिया , गोधी राम राठिया , संतोषी राठिया उपस्थित थे।

ग्राम –बर्रा के एक दिवसीय शिविर में शहीद वीर नारायण सिंह शास.महा.जोबी–बर्रा जिला–रायगढ़ (छ.ग.) के सहा.प्राध्या. श्रीमती श्वेता जैन एवं अतिथि सहा.प्राध्या. प्रतिमा कमलसेन , श्री अक्षय कंवर, श्री दुलेश्वर साहू, श्री रूपेन्द्र साहू एवं हेमलता पाण्डेय तथा महाविद्यालय के समस्त स्टॉफ उपस्थित थे। कार्यक्रम के सफल संचालन में महाविद्यालय के सीनियर छात्रों का योगदान सराहनीय रहा ।

विद्यार्थियों के द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम में एकल, नृत्य एकल गीत , सामूहिक नृत्य (सुआ नृत्य एवं अन्य ) सामूहिक गायन, सामूहिक नाटक ( बेटी बचाओ, बेटी पढाओं ) कार्यक्रम सम्मिलित था।

कार्यक्रम के सफल संचालन के पश्चात् कार्यक्रम की समापन की घोषण रा.से.योजना कार्यक्रम अधिकारी द्वारा किया गया। तत्पश्चात् सभी के लिये भोजन व्यवस्था का प्रबंध किया गया था।

seal

कार्यक्रम अधिकारी, रा. से. यो
शहीद वीर नारायण सिंह शास. महा
जोबी–बर्रा जिला–रायगढ़ (छ.ग

Principal
Shahid Veer Narayan Singh Govt. College
Jobi-Barra, Dist.- Raigarh (C.G.)

08/2021

IMG-20200113-WA0086.jpg

# जोबी कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने रैली निकालकर ग्रामीणों को किया जागरूक

## ग्राम बर्रा में संपन्न हुआ राष्ट्रीय सेवा योजना का एक दिवसीय शिविर

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com



कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं।

**खरसिया.** शहीद वीरनारायण सिंह शासकीय महाविद्यालय जोबी द्वारा सोमवार को ग्राम बर्रा में राष्ट्रीय सेवा योजना का एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। जिसमें महाविद्यालय के 80 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता निभाई।

मां सरस्वती एवं युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। वहीं राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी छात्र-छात्राओं द्वारा गांव में रैली निकाल कर ग्रामीणों को स्वच्छता के लिए जागरूक किया गया। नारा लगाते हुए गांव के नल, कुआं, हैंडपंप, तालाब तथा गली मोहल्लों की साफ सफाई करते हुए प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला पहुंच कर बच्चों से सामान्य ज्ञान की चर्चा करते हुए उन्हें जानकारी प्रदान की गई। वहीं शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत सुआ नृत्य, कर्मा नृत्य नशा मुक्ति नाटक, सामुहिक नृत्य का आयोजन किया गया। जिसमें दुर्गेश मेहर ने एनएसएस गीत गाकर गांव वालों को सीख दी। कार्यक्रम में सीनियर छात्र-छात्राएं शिटकेश्वर पटेल, दुर्गेश मेहर, पुष्पेन्द्र पटेल, परवेज मोहम्मद, ओकेश्वर मेहर, कार्तिकराम सिदार, भोजराम राठिया, मितेश राठिया एवं लिलेश्वरी पटेल की उपस्थिति रही।

मुख्य अतिथि संतोषी राठिया, तारादेवी राठिया सरपंच ग्राम पंचायत बर्रा, उमादेवी राठिया जिला पंचायत सदस्य, अर्चना आसटकर प्राचार्य महाविद्यालय जोबी, प्रो. आरके थवाईत एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी एवं महाविद्यालयीन स्टॉफ तथा सुरेंद्र राठिया विधायक प्रतिनिधि, पवन कुमार राठिया पंच, प्रेमसिंह राठिया, श्रीकिशन राठिया जनभागीदारी अध्यक्ष बर्रा, नरहरि सिंह सिदार, ध्वजाराम राठिया, गोपीराम राठिया, संतोषी राठिया और महाविद्यालय की प्राचार्य द्वारा उद्बोधन किया गया।

पत्रिका Thu, 21 November 2019
epaper.patrika.com/c/45997713

गोद ग्राम बर्रा
एक दिवसीय
18/11/2

# दैनिक गतिविधि प्रतिवेदन (एक दिवसीय कार्यशाला) महाविद्यालय परिसर विकासखण्ड खरसिया जिला–रायगढ़ (छ.ग.)

## दिनांक 23 / 11 / 2019 दिन–शनिवार

**सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग – नुकसान दायक या फायेदेमंद** – एक दिवसीय कार्यशाला शहीद वीर नारायण सिंह शासकीय महाविद्यालय जोबी में शनिवार को सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने को लेकर आयोजन किया गया।

छात्र / छात्राओं ने कार्यक्रम की शुरूआत मॉ सरस्वती एवं युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद की पूजा अर्चना से की गई। संध्या, जया महंत, हेमलता , शकुन्तला , अमरूद एवं नंदनी राठिया द्वारा स्वागत गीत एवं योजना गीत प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच ,गणमान्य नागरिक , विधायक प्रतिनिधि जनपद सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम अधिकारी श्री आर.के.थवाईत ने कार्यशाला विषय पर प्रारंभिक व्याख्यान दिया तथा बताया गया कि एक बार उपयोग होने वाले प्लास्टिक पन्नी, बोतलें , डिस्पोजल, एवं पाउच सिंगल यूज प्लास्टिक के श्रेणी में आते है । इनके निर्माण में प्रयुक्त होने वाले रसायन, पर्यावरण, मनुष्य एवं अन्य जीव–जन्तुओं के लिए घातक होते है।

महाविद्यालय के प्राचार्य अर्चना आसटकर ने बताया कि प्लास्टिक डिस्पोजल एवं पाउच में गर्म खाना खाने से कैंसर के कारक रसायन आपके शरीर में प्रविष्ट करते है। गर्म अवस्था में हुई किया घातक तत्व उत्पन्न करके कैसर को आमंत्रित करती है वही विषय विशेषज्ञ के रूप में पर्यावरण संरक्षण विभाग रायगढ़ से आये पर्यावरण वैज्ञानिक श्री सरोज कुमार ध्रुव द्वारा प्लास्टिक के नष्ट नहीं होने की बात कहीं वहीं कहा कि भूमिगत प्लास्टिक अंतराल में बाढ़ का कारण भी बन जाता है।

**सरई पत्ते एवं कुल्हड का किया उपयोग** :– कार्यशाला के दौरान पानी चाय, नाश्ता आदि सामग्री के लिए किसी तरह प्लास्टिक का उपयोग नहीं किया गया तथा प्लास्टिक प्लेट का उपयोग नहीं किया गया। अपितु प्लास्टिक के स्थान पर सरई पत्ता का दोना तथा चाय के लिए मिट्टी का कुल्हड का उपयोग कर प्लास्टिक की उपेक्षा की गई । इस तरह से लोगों को एक संदेश दिया गया कार्यशाला में रा.से.योजना के विद्यार्थी के साथ–साथ महाविद्यालय के छात्रों ने कार्यशाला का लाभ लिया।

सरपंच
ग्राम पंचायत जोबी
ज.प. पंचा. खरसिया

कार्यक्रम अधिकारी, रा. से. यो.
शहीद वीर नारायण सिंह शास. महा
जोबी–बर्रा जिला–रायगढ़ (छ.ग.)

Principal
Shahid Veer Narayan Singh Govt. College
Jobi-Barra, Dist.- Raigarh (C.G.)

# सिंगल यूज प्लास्टिक के नुकसानों को बताया






**समवेत शिखर संवाददाता**

**खरसिया।** शहीद वीरनारायण सिंह शासकीय महाविद्यालय ज़ोबी में शनिवार को सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना से संबद्ध छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती एवं युवाओं के प्रेरणास्त्रोत्र स्वामी विवेकानंद की पूजा-अर्चना से की। वहीं संध्या, जया महंत, हेमलता, शकुंतला, अमरूद एवं नंदनी राठिया द्वारा स्वागत गीत एवं योजना गीत प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम अधिकारी आर.के थवाईत ने कार्यशाला के विषय पर प्रारंभिक व्याख्यान दिया। बताया कि एक ही बार उपयोग होने वाले प्लास्टिक, पन्नी, बोतलें, डिस्पोजल, प्याले, एवं पाउच सिंगल यूज प्लास्टिक की श्रेणी में आते हैं, इनके निर्माण में प्रयुक्त होने वाले रसायन पर्यावरण, मनुष्य एवं अन्य जीव जंतुओं के लिए घातक होते हैं।

## डिस्पोजल में रखे गर्म खाने से उत्पन्न होते हैं कैंसर कारक तत्व

महाविद्यालय की प्राचार्य अर्चना आसटकर ने बताया कि प्लास्टिक डिस्पोजल एवं पाउच में गर्म खाना रखकर खाने से कैंसर के कारक रसायन आपके शरीर में प्रविष्ट करते हैं, गर्म अवस्था में हुई क्रिया फ्रीरेड्डी कृत घातक तत्व उत्पन्न करके कैंसर को आमंत्रित करती है। वहीं विषय विशेषज्ञ के रूप में पर्यावरण संरक्षण विभाग रायगढ़ से आए पर्यावरण वैज्ञानिक सरोज कुमार ध्रुव द्वारा प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभाव तथा लाखों वर्षो तक प्लास्टिक के नष्ट नहीं होने की बात कही। वहीं कहा कि भूमिगत प्लास्टिक अंतराल में बाढ़ का कारण भी बन जाता है।

## सरई पत्ते एवं कुल्हड़ का किया उपयोग

प्रो. श्वेता जैन, रूपेन्द्र साव, प्राध्यापक कु. हेमलता पाण्डेय, कु.दृष्टि सिंह राजपूत, कु प्रतिमा कमलसेन,अक्षय कंवर, कॉलेज स्टाफ तथा छात्र-छात्राओं द्वारा कार्यशाला के दौरान पानी, चाय-नास्ता आदि सामग्री हेतु किसी तरह के प्लास्टिक का उपयोग नहीं किया गया, अपितु प्लास्टिक प्लेट के स्थान पर सराई पत्ते के दोने तथा चाय के लिये मिट्टी के कुल्हड़ का उपयोग कर प्लास्टिक की उपेक्षा की गई।




दैनिक गतिविधि

गोदग्राम - बर्रा

एक दिवसीय शिविर

दिनांक 18/11/2019

# दैनिक गतिविधि प्रतिवेदन (एक दिवसीय कार्यशाला ) महाविद्यालय परिसर जोबी–बर्रा जिला–रायगढ (छ.ग.)

## संविधान दिवस

दिनांक 26 / 11 / 2019

आज दिनांक 26 / 11 / 2019 को महाविद्यालय परिसर में संविधान दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के रा.से.योजना के स्वंयसेवकों तथा महाविद्यालय के अन्य छात्र / छात्राओं तथा समस्त अधिकारी / कर्मचारियों द्वारा संविधान के उद्देशिका व संविधान में निष्ठा की शपथ ली गई, कार्यक्रम अधिकारी ने उपस्थित स्वयंसेवकों व स्टॉफ को यह शपथ दिलाई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य महोदया ने नागरिकों के मौलिक अधिकार व कर्तव्य के बारे में अपना व्याख्यान दिया । तथा राजनीति विज्ञान के प्राध्यापक श्री दुलेश्वर साहू द्वारा संविधान बनाने के बारे मे व्याख्यान दिया । कार्यक्रम समाप्ति पश्चात् स्वल्पाहार स्वंयसेवकों को कराया गया।

कार्यक्रम अधिकारी, रा. से. यो
शहीद वीर नारायण सिंह शास. महा
जोबी--बर्रा जिला--रायगढ़ (छ.ग

Principal
Shahid Veer Narayan Singh Govt. College
Jobi-Barra, Dist.- Raigarh (C.G.)



संविधान दिवस 26/11/2019

नियमित गतिविधि

## राष्ट्रीय सेवा योजना , शहीद वीर नारायण सिंह शास.महा.जोबी–बर्रा ,

## जि.रायगढ़ (छ.ग.)

### दैनिक गतिविधि प्रतिवेदन महाविद्यालय परिसर

### एड्स दिवस जागरूकता कार्यक्रम

दिनांक 01 / 12 / 2019

आज दिनांक 01 / 12 / 2019 को रा.से.योजना के दैनिक गतिविधि कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर से रा.से.यो. स्वंय सेवकों व महाविद्यालय अधिकारी / कर्मचारियों ने जागरूकता रैली निकाली। रैली महाविद्यालय से निकाल कर अटल चौंक , गायत्री चौंक ,जवाहर चौंक, प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र होते हुए महाविद्यालय वापस पहुॅची। रैली में शमिल एन.एस.एस. के स्वंय सेवकों " **हमने मिलकर ठाना है एड्स को भगाना है , जानकारी ही एड्स का बचाव है,स्वच्छता संबंधी ............**" आदि नारों के साथ इस बीमारी से बचाव के लिए जागरूक किये इस रैली में 120 रा.से.योजना स्वंय सेवकों ने सहभागिता निभायी। रैली को महाविद्यालय के प्राचार्य श्रीमती अर्चना आसटकर ने हरी झंण्डी देकर रवाना किया था, रैली का नेतृत्व कार्यक्रम अधिकारी श्री आर.के.थवाईत द्वारा किया गया।

सरपंच
ग्राम पंचायत जोबी
ज०. पंचा. खरसिया

Principal
Shahid Veer Narayan Singh Govt. College
Jobi-Barra, Dist.- Raigarh (C.G.)

कार्यक्रम अधिकारी, रा. से. यो.
शहीद वीर नारायण सिंह शास. महा
जोबी–बर्रा जिला–रायगढ़ (छ.ग.)


विश्व एड्स दिवस
1 दिसम्बर
राष्ट्रीय सेवा योजना

## दैनिक गतिविधि प्रतिवेदन (एक दिवसीय कार्यशाला ) महाविद्यालय परिसर जोबी–बर्रा जिला–रायगढ (छ.ग.)

## राष्ट्रीय युवा दिवस (स्वामी विवेकानंद जयंती)

शहीद वीर नारायण सिंह शास.महा.जोबी–बर्रा जिला–रायगढ़ के रा.से.योजना इकाई द्वारा दिनांक 12 जनवरी 2020 को महाविद्यालय परिसर में रा.युवा दिवस मनाया गया। कार्यकम की शुरुआत मॉ सरस्वती की प्रतिमा तथा स्वामी विवेकानंद जी के पूजा अर्चना प्रारंभ से हुई। कार्यकम में रा.से.योजना के लक्ष्यगीत व संकल्पगीत सभी स्वंयसेवकों द्वारा सामूहिक गान किया गया। कार्यकम में कार्यकम अधिकारी द्वारा बताया गया कि आधुनिक भारत के निर्माता स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस को याद करने के लिए मनाया जाता है। प्राचार्य श्रीमती अर्चना आसटकर द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय युवा दिवस के रुप में स्वामी जी के जन्म दिवस को मनाने के लिए वर्ष 1984 में भारत सरकार द्वारा इसे पहली बार घोषित किया गया था। आज कि दिवस के दौरान भाषण, प्रतियोगिता, निबंध लेखन का आयोजन हुआ जिसमें स्वंयसेवकों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया । अंत में विभिन्न प्रकार के खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। कार्यकम में प्राचार्य महोदया एवं समस्त स्टॉफ उपस्थित रहें। खेलकूद प्रतियोगिता की समाप्ति पर सभी स्वंयसेवकों को स्वल्पाहार वितरित किया गया।

कार्यक्रम अधिकारी, रा. से. यो
शहीद वीर नारायण सिंह शास. महा
जोबी–बर्रा जिला–रायगढ (छ ग

Principal
Shahid Veer Narayan Singh Govt. College
Jobi-Barra, Dist.- Raigarh (C.G.)


युवा दिवस
Till the Goal is Reached.
Swami Vivekananda

# दैनिक गतिविधि प्रतिवेदन (एक दिवसीय कार्यशाला ) महाविद्यालय परिसर जोबी–बर्रा जिला–रायगढ (छ.ग.)

## राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम

## एक दिवसीय कार्यशाला

दिनांक 18 जनवरी 2020 को राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वंयसेवकों व ग्राम वासियों में जागरुकता हेतु एक दिवसीय कार्यशाला आयोजन किया गया। कार्यशाला में दंत चिकित्सक डॉ. कुलदीप पटेल तथा श्री पृथ्वीपाल चौहान (दंत सहायक) शासकीय चिकित्सालय रायगढ़ से आमंत्रित विशेषज्ञों द्वारा प्रोजेक्टर लगाकर महाविद्यालय के रा.से.योजना स्वंयसेवकों , छात्र छात्राओं तथा ग्राम वासियों को नशा से होने वाले हानियों से अवगत कराया गया तथा नशा न करने की हिदायत दी गई। कार्यक्रम शुरुआत रा.से.योजना के प्रेरणा पुरुष स्वामी विवेकानंद जी के तथा मॉ सरस्वती के प्रतिमा के सामने दीप प्रज्जवलित करके की गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत प्राचार्य महोदय द्वारा किया गया तथा तम्बाकू के प्रयोग से होने वाली हानियों व हानिकारक तत्वों के बारे में व्याख्यान दिया गया। मंच का संचालन रा.से.कार्यक्रम अधिकारी रविन्द्र कुमार थवाईत द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन श्री वासुदेव प्रसाद पटेल द्वारा किया गया। संमापन के पश्चात् स्वल्पाहार वितरित किया गया।

कार्यक्रम अधिकारी, रा. से. यो
शहीद वीर नारायण सिंह शास. महा
जोबी–बर्रा, जिला–रायगढ (छ ग.)

Principal
Shahid Veer Narayan Singh Govt. College
Jobi-Barra, Dist.- Raigarh (C.G.)

राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यशाला (18/01/2020)



# सात दिवसीय (NSS) शिविर कार्यक्रम ग्राम– काफरमार
## विकासखण्ड–खरसिया, जिला–रायगढ़ (छ.ग.)
## दिनांक 17/12/2019 से 23/12/2019 तक
### प्रथम दिवस


---

**17/12/2019** :– राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रथम दिन की शुरूआत महाविद्यालय से शिविर स्थल काफरमार ग्राम की ओर प्रस्थान किये । शिविर स्थल पहुँच कर इस दिन परियोजना कार्य में अपने आस–पास ठहरने के स्थान की साफ–सफाई एवं निवास कक्ष की साफ–सफाई की गई। दोपहर के भोजन के पश्चात्,दोपहर 2:30 बजे में शिविर का उद्घाटन कार्यक्रम रखा गया, जिसके मुख्य अतिथि श्री रामदयाल राठिया (विधायक प्रतिनिधी बरगढ़ खोला ) विशिष्ट अतिथि श्री भोलेश्वर राठिया, श्री छबीदास बैष्णव, श्री जेठ सिंह राठिया , श्री लगन सिंह राठिया , श्रीमती शकुन्तला राठिया (पूर्व सरपंच) श्रीमती त्रिवेणी राठिया, श्री बलदेव राठिया,श्री चैतन सिंह , प्राचार्य श्रीमती अर्चना आसटकर आदि उपस्थित रहें। समस्त अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानंद एवं माता सरस्वती के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया गया, कार्यक्रम में उदबोधन में प्राचार्य श्रीमती अर्चना आसटकर द्वारा एवं श्री रामदयाल राठिया ने दिया, जिन्होनें ने बताया कि " **छ.ग. के चार चिन्हारी नरवा, गरवा, घुरवा, बारी के लिए युवा**" के विषय पर शिविर का आयोजन किया गया है। जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण परिवेश की ओर ध्यान देना है। कार्यक्रम गॉव के गणमान्य नागरिक व ग्रामवासी तथा महाविद्यालय स्टॉफ उपस्थित थे। सायंकाल स्वल्पहार के पश्चात् छात्राओं के द्वारा परिचय दिया गया साथ ही साथ बैच व रा.से.यो.डायरी का वितरण कर दल विभाजन किया गया।

सरपंच
ग्राम पंचायत काफरमार

Principal
Shahid Veer Narayan Singh Govt. College
Jobi-Barra, Dist.- Raigarh (C.G.)

कार्यक्रम अधिकारी, रा. से. यो.
शहीद वीर नारायण सिंह शास. महा
जोबी–बर्रा जिला–रायगढ़ (छ.ग.)



विशेष शिविर सातदिवसीय
दिनांक 19/12/2019
परियोजना कार्य

https://mail.google.com/mail/u/0/#inbox/FMfcgxwGCHDlwbksBnKNmpnbQHFQrQg?projector=1&messagePartId=0.2




प्रभात फेरी
विशेष शिविर

**सात दिवसीय (NSS) शिविर कार्यक्रम ग्राम– काफरमार**

**विकासखण्ड–खरसिया, जिला–रायगढ़ (छ.ग.)**

**दिनांक 17 / 12 / 2019 से 23 / 12 / 2019 तक**

**द्वितीय दिवस**

---

**18 / 12 / 2019** :– राष्ट्रीय सेवा योजना की शुरूआत प्रात :कालीन प्रभात फेरी, प्रार्थना विचार अभिव्यक्ति,योग, व्यायाम, से शुरू हुई। तत्पश्चात् परियोजना कार्य 9 बजे से 11 बजे तक संपन्न की गई। इस दिन की शुरूआत विशेष परियोजना कार्य स्कूल की आस–पास की साफ–सफाई व सड़कों के दोनों किनारे की साफ–सफाई, शौचालय की सफाई, गोबर से प्रांगण की लिपाई की गई । आज के बौद्धिक कार्यक्रम का विषय " **पर्यावरण संरक्षण ,रसायन का बढ़ता प्रकोप दुष्परिणाम** " रहा। इस कार्यक्रम में श्री छोटेलाल डनसेना ( रेंजर खरसिया )संबधित विषय पर चर्चा की इसके साथ ही विशिष्ट अतिथि श्री चन्द्र कुमार राठिया (वनपाल बोतल्दा) श्री उमाशंकर (वनपाल जोबी) श्रीरामप्रसाद डनसेना (वनरक्षक) श्रीमती परमेश्वरी राठिया, दुर्गा मरावी (वनरक्षक) भी सम्मिलित थी। चर्चा में स्वंय सेवकों ने भाग लिया । इस चर्चा में महाविद्यालय के अतिथि व्याख्याता श्री अक्षय कंवर, श्री डुलेश्वर साहू, श्री रुपेन्द्र साहू, कु.दृष्टि राजपूत, कु.हेमलता पाण्डेय सभा में उपस्थित थे। संध्याकालीन कार्यक्रम के अंतर्गत खेल एवं ग्राम सम्पर्क आयोजित किया गया। रात को 8 बजे से 10बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम की गई । सांस्कृतिक कार्यक्रम में गीत, संगीत, चुटकीले व नाटक भी प्रस्तुत किये गए। जिसमें मुख्य उदे्श्य था नशा मुक्ति ताकि नवयुवकों को नशापान से मुक्त कराया जा सके।

सरपंच
ग्राम पंचायत काफरमार
जनपद पंचायत खरसिया
जिला–रायगढ़ (छ.ग.)

Principal
Shahid Veer Narayan Singh Govt. College
Jobi-Barra, Dist.- Raigarh (C.G.)

कार्यक्रम अधिकारी, रा. से. यो
शहीद वीर नारायण सिंह शास. महा
जोबी–बर्रा जिला–रायगढ़ (छ.ग.)

PVC Vinyl

# शहीद वीर नारायण सिंह शासकीय महाविद्यालय जोबी-बर्रा, जिलाः रायगढ़ (छ.ग.)

**Shaheed Veer Narayan Singh Government College Jobi-Barra, Distt. Raigarh(C.G.)**


Affilated with Atal Bihari Vajpayee Vishwavidyalaya Bilaspur, Bilaspur (C.G.)

## राष्ट्रीय सेवा योजना

## स्वर्ण जयंती (1969-2019)

## National Social Service Scheme

## सात दिवसीय विशेष शिविर



**नरवा, गरवा, घुरवा बारी के लिए युवा**

15[0] YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

## Youth for Rural Development

**17-12-2019 से 23-12-2019**

शिविर ग्राम- ग्राम काफरमार, विकासखण्ड- खरसिया

शिविर स्थल- शासकीय माध्यमिक विद्यालय काफरमार, खरसिया, जिला-रायगढ (छ.ग.)

**श्री रवीन्द्र थवाईत**
कार्यक्रम अधिकारी
**Mr. Ravindra Kumar Thawait**
Convener

**श्रीमती अर्चना आसटकर**
प्राचार्य एवं संरक्षक
**Mrs. Archana Asatkar**
Patron

# सात दिवसीय (NSS) शिविर कार्यक्रम ग्राम– काफरमार

## विकासखण्ड–खरसिया, जिला–रायगढ़ (छ.ग.)

## दिनांक 17/12/2019 से 23/12/2019 तक

## तृतीय दिवस

---

**19/12/2019** :– राष्ट्रीय सेवा योजना की शुरूआत प्रात :कालीन प्रभात फेरी, प्रार्थना विचार अभिव्यक्ति,योग, व्यायाम, से शुरू हुई, तथा सेल्फ डिफेंस के कुछ तरीकों का अभ्यास कराया गया। तत्पश्चात् परियोजना कार्य 9 बजे से 11 बजे तक संपन्न की गई। इस दिन की शुरूआत ग्राम पंचायत के आस–पास की साफ–सफाई ,पक्की नाली की सफाई, एक कच्ची नाली का निर्माण एवं पौधा रोपण किया गया। दोपहर बौद्विक कार्यक्रम 2:30बजे प्रारंभ हुआ परिर्चचा का विषय " **पोषक आहार आयुर्वेद तथा नशा मुक्ति अभियान**" रहा जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. सुरेश कुमार राठिया (विकास खण्ड चिकित्सा अधिकारी खरसिया) विशिष्ट अतिथि डॉ. वासुदेव महापात्र ( आयुर्वेद चिकित्सक बर्रा ) कु. सुमन उरॉव, (स्टाफ नर्स गोरपार) श्रीमती अर्चना आसटकर (प्राचार्य ), अतिथि सहा.प्राध्यापक कु. ,दृष्टि राजपूत कु.हेमलता पाण्डेय कु.प्रतिमा कमलसेन , श्री रुपेन्द्र साहू , छात्रसंघ अध्यक्ष सुनिता राठिया द्वारा संबधित विषय पर मार्गदर्शन किया गया । सायंकालीन खेल का आयोजन किया गया जिसमें सभी स्वंयसेवकों ने भाग लिया । रात्रिकालीन ,सांस्कृतिक कार्यक्रम में दो नाटक एवं गीत, चुटकीले, शायरी तथा कर्मा व सुवा नृत्य की प्रस्तुतीकरण हुई। इसमें एक नाटक का उद्धेश्य"स्वच्छ भारत अभियान से जुडे थे तथा दूसरा नाटक का उद्धेश्य इलाज के लिए बैगा के पास न जाकर डॉक्टर के परामर्श से उनके पास जाकर इलाज कराने का संदेश दिया गया। इस कार्यकम को बहुत से ग्रामवासी देखने के लिए शिविर स्थल तक देखने आये थे।

सरपंच
ग्राम पंचायत काफरमार
जनपद पंचायत खरसिया
जिला–रायगढ़ (छ.ग.)

कार्यक्रम अधिकारी, रा. से. यो
शहीद वीर नारायण सिंह शास. महा
जोबी–बर्रा जिला–रायगढ़ (छ.ग.)

Principal
Shahid Veer Narayan Singh Govt. College
Jobi-Barra, Dist.- Raigarh (C.G.)



सांस्कृतिक कार्यक्रम
विशेष शिविर में

# सात दिवसीय (NSS) शिविर कार्यक्रम ग्राम– काफरमार

## विकासखण्ड–खरसिया, जिला–रायगढ़ (छ.ग.)

## दिनांक 17/12/2019 से 23/12/2019 तक

## चतुर्थ दिवस

---

**20/12/2019** :– राष्ट्रीय सेवा योजना की शुरूआत प्रात :कालीन प्रभात फेरी, प्रार्थना विचार अभिव्यक्ति,योग, व्यायाम, एरोबिक एवं सूर्य नमस्कार से शुरू हुई। तत्पश्चात् परियोजना कार्य 9 बजे से 11 बजे तक संपन्न की गई। इस दिन की शुरूआत विशेष परियोजना कार्य में ग्राम में कबड्डी मैदान की साफ–सफाई , मैदान का समतलीकरण तथा मैदान के बाहर वृक्ष के नीचे चबुतरे का निर्माण स्वंय सेवकों द्वारा किया गया। प्रातःकार्यक्रम के साथ–साथ शिविर प्रांगण में शिविरार्थियों के स्वास्थ्य संबधी जॉच एवं उपचार हेतु डॉ.अजय पटेल (चिकित्सा विभाग) को आमंत्रित किया गया था। उनके द्वारा आवश्यक दवा एवं उपचार किया गया। दोपहर भोजन के पश्चात् आज का विषय " **राष्ट्र निर्माण में महिलाओं का योगदान एवं महिला सशक्तिकरण, नारी शिक्षा** " इस सभा में मुख्य अतिथि श्रीमती अर्चना आसटकर (प्राचार्य महा. जोबी.) विशिष्ट अतिथि श्री लगन सिंह राठिया (प्रधान पाठक माध्या. शाला काफरमार ) छात्रसंघ उपाध्यक्ष श्री भूपेन्द्र सिंह , सचिव ममता राठिया, द्वारा संबधित विषय पर अपने अमूल्य विचार दिए गए जिससे सभी छात्र–छात्राएं अभिप्रेरित होकर चर्चा में सक्रिय भाग लिए। सायंकालीन ग्राम संपर्क सभी शिविरार्थियों द्वारा किया गया। रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। जिसमें डॉ.अंजनी तिवारी (प्र.प्रा.शा.कला एवं विज्ञान महा.रायगढ),श्री एस.एल. सोनवानी(प्र.प्रा.बरमकेला महाविद्यालय), डॉ.आनंद शर्मा (विभागाध्यक्ष वाणिज्य संकाय कला एवं विज्ञान महा.रायगढ) उपस्थित थे। कार्यक्रम में गीत, नाटक,पंथी नृत्य, राउत नाचा, आदि प्रस्तुत किये गए। नाटक का मुख्य उद्धेश्य था कि मोबाईल का दुरूउपयोग न करते हुए सामजिक संदेश दिया गया।

सरपंच
ग्राम पंचायत काफरमार
जनपद पंचायत खरसिया
जिला–रायगढ़ (छ.ग.)

Rawat
कार्यक्रम अधिकारी, रा. से. यो
शहीद वीर नारायण सिंह शास. महा
जोबी–बर्रा जिला–रायगढ़ (छ.ग.

Principal
Shahid Veer Narayan Singh Govt. College
Jobi-Barra, Dist.- Raigarh (C.G.)

05/08/2021

IMG-2019122



विशेष
शिविर
में (स्वच्छता)
अभियान

## सात दिवसीय (NSS) शिविर कार्यक्रम ग्राम– काफरमार

## विकासखण्ड–खरसिया, जिला–रायगढ़ (छ.ग.)

## दिनांक 17/12/2019 से 23/12/2019 तक

### पंचम दिवस

---

**21/12/2019** :– राष्ट्रीय सेवा योजना की शुरूआत प्रात :कालीन प्रभात फेरी, प्रार्थना विचार अभिव्यक्ति,योगाभ्यास , शारीरिक व्यायाम, सूर्य नमस्कार से शुरू हुई। दैनिक कार्यो के पश्चात् परियोजना कार्य 9 बजे से 11 बजे तक संपन्न की गई। इस दिन ग्राम काफरमार के तालाब के आसपास की साफ–सफाई , पचरी की मरम्त, गॉव के चौक की सफाई की गई। दोपहर भोजनउपरान्त बौद्धिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका मुख्य विषय **" नरवा गरवा घुरवा बारी छत्तीसगढ़ की महत्वकांक्षी योजना "** रहा जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में श्री तिहारु राम जायसवाल (अध्यक्ष छ.ग. कलार समाज ) विशिष्ट अतिथि श्री युवराज जायसवाल (अध्यक्ष ब्लाक युवा कांग्रेस) श्री सुलपाणी जायसवाल ( समाजसेवा ) श्री राजेन्द्र साहू (समाजसेवी ) कार्यक्रम के अध्यक्षता श्री वासुदेव प्रसाद पटेल सहा.प्राध्या हिन्दी (जोबी महा.) के द्वारा किया गया । मुख्य अतिथि एवं समस्त विशिष्ट अतिथियों द्वारा संबधित विषय पर मार्गदर्शन दिया गया, तथा विषय संबधी बौद्धिक जानकारी दी गई। सायंकाल खेल द्वारा दिनभर की थकावट दूर करने के बाद रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। जिसमें एकलगीत, समूह नाटक, मोनोप्ले , आदि प्रस्तुत किये गए। आज के नाटक का मुख्य विषय राष्ट्र भक्ति व देश प्रेम था। कार्यक्रम में गॉव के सरपंच महोदय व गणमान्य नागरिक सहित ग्रामवासी पुरे समय तक उपस्थित रहें।

ग्राम पंचायत सरपंच
ग्राम पंचायत काफरमार
जनपद पंचायत खरसिया
जिला–रायगढ़ (छ.ग.)

कार्यक्रम अधिकारी, रा. से. यो
शहीद वीर नारायण सिंह शास. महा
जोबी–बर्रा जिला–रायगढ़ (छ.ग.)

Principal
Shahid Veer Narayan Singh Govt. College
Jobi-Barra, Dist.- Raigarh (C.G.)



2/11/2020 IMG-20191222-WA0105.jpg



विशेष शिविर सात दिवसीय
(प्रातःकालीन प्रार्थना
विचार अभिव्यक्ति)

दिनांक 20/12/2019

# सात दिवसीय (NSS) शिविर कार्यक्रम ग्राम– काफरमार

## विकासखण्ड–खरसिया, जिला–रायगढ़ (छ.ग.)

## दिनांक 17/12/2019 से 23/12/2019 तक

### षष्ठम दिवस

---

**22/12/2019** :– राष्ट्रीय सेवा योजना की शुरूआत प्रात :कालीन प्रभात फेरी, प्रार्थना विचार अभिव्यक्ति,योगाभ्यास , शारीरिक व्यायाम, प्राणायाम से शुरू हुई। दैनिक कार्यो के पश्चात् परियोजना कार्य 9 बजे से 11 बजे तक संपन्न की गई। दैनिक कार्यक्रम के पश्चात् ग्राम काफरमार में विद्यालय परिसर के पास स्थित क्रिकेट मैदान की साफ–सफाई की गई तथा क्रिकेट मैदान को पुनः जीवंत किया गया। साथ ही विद्यालय परिसर के चारों तरफ की सफाई की गई। दोपहर 3:00 बजे बौद्धिक कार्यक्रम जिसका विषय **" छ.ग.लोक संस्कृति की विशेषता, आर्दश विचार आर्दश समाज "** रहा जिसमें मुख्य अतिथि प्रो.बी.के.पटेल (जिला संगठक रा.से.यो.जांजगीर–चांपा ) , विशिष्ट अतिथि श्री परमानंद राठिया ( शिक्षक गोरपार ) श्री जय सिंह राठिया (अधीक्षक बरगढ़) , नाफीस कुरैशी (समाजसेवी ), श्री अभिषेक अग्रवाल (प्रत्रकार नवभारत ) तथा महाविद्यालय के प्राचार्य श्रीमती अर्चना आसटकर ,श्रीमती श्वेता जैन (सहा.प्राध्या) अतिथि सहा.प्राध्यापक, कु. ,दृष्टि राजपूत,श्री अक्षय कंवर, श्री रुपेन्द्र साहू, कु. हेमलता पाण्डेय,श्री मोहन सारथी सभा में उपस्थित थे। आज के विषय पर चर्चा के साथ –साथ जिला संगठक ने शिविरार्थियों को शिविर के महत्ता को बताया तथा स्वामी विवेकानंद के महान कर्तव्य के कारण इसे रा.से.योजना के रूप में विस्तारित करने की बातों की चर्चा किया गया। आज सांस्कृतिक कार्यक्रम का अंतिम दिवस था जिसमें नाटक,गीत,चुटकीले,लोकनृत्य आदि की प्रस्तुतीकरण किया गया। कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच महोदय मुख्य अतिथि के रुप में आमंत्रित थे जिन्होने कार्यक्रम की प्रशंसा की ।

कार्यक्रम अधिकारी, रा. से. यो.
शहीद वीर नारायण सिंह शास. महा
जोबी–बर्रा जिला–रायगढ़ (छ.ग.

जिला–रायगढ़

Principal
Shahid Veer Narayan Singh Govt. College
Jobi-Barra, Dist.- Raigarh (C.G.)


राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय

# सात दिवसीय (NSS) शिविर कार्यक्रम ग्राम– काफरमार

## विकासखण्ड–खरसिया, जिला–रायगढ़ (छ.ग.)

## दिनांक 17/12/2019 से 23/12/2019 तक

### सप्तम दिवस

---

**23/12/2019** :– आज दिनांक 23/12/2019 राष्ट्रीय सेवा योजना की समापन दिवस रहा। इस समापन दिवस में प्रतिदिन की तरह प्रातः कालीन प्रभात फेरी के पश्चात् योग व्यायाम से शुरूआत हुई। सुबह स्वल्पाहार के पश्चात् साफ–सफाई का कार्यक्रम में शिविर स्थल एवं आस –पास के स्थलों की स्वयं सेवकों, शिविरार्थियों द्वारा साफ–सफाई की गई। दोपहर 2:00 बजे में कार्यक्रम रखा गया, जिसमें शिविरार्थी स्वयं सेवको द्वारा अपने इस सात दिवस कार्यक्रमों का अनुभव मंच के माध्यम से अवगत कराया गया। शिविरार्थी को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए श्रीमती अर्चना आसटकर (शहीद वीर नारायण सिंह शासकीय महाविद्यालय प्राचार्य) द्वारा शील्ड मेडल से सम्मानीत किया गया। दोपहर 3:00 बजे समापन समारोह रखा गया , समापन समारोह के मुख्य अतिथि ,**माननीय श्री उमेश नंदकुमार पटेल** (उच्च शिक्षा, तकनीकि शिक्षा, कौशल विकास , खेल एवं युवा कल्याण मंत्री) विशिष्ट अतिथि श्री रामदयाल राठिया, श्रीमती नयना गबेल (पिछड़ा वर्ग प्रदेश उपाध्यक्ष ), श्री जमिल कुरैशी, श्री पुरुषोत्तम नाथ राठिया (सरपंच) , श्री रमला राठिया (जोबी सरपंच) , श्री दरशराम राठिया आमंत्रित थे। अतिथि गणों ने अपने उद्बोधन में स्वयं सेवको की कार्यो की सराहनीय प्रशंसा किए। तत्पश्चात मुख्य अतिथि **माननीय श्री उमेश नंदकुमार पटेल (मंत्री जी)** अपने उद्बोधन में इस सुदूर अंचल में सात दिवस रहें एवं समाज सेवा का कार्य किए उसके लिए स्वंय सेवकों की प्रशंसा की एवं समाज सेवा से जुड़े रहने की अपील की । समापन समारोह में प्राचार्य महोदय ने बताया कि महाविद्यालय द्वारा इस शिविर के अलावा समय–समय पर और भी

सरपंच
ग्राम पंचायत
जनपद पंचायत
जिला–रायगढ़

कार्यक्रम अधिकारी, रा. से. यो
शहीद वीर नारायण सिंह शास. महा
जोबी–बर्रा जिला–रायगढ़ (छ.ग.

Principal
Shahid Veer Narayan Singh Govt. College
Jobi-Barra, Dist.- Raigarh (C.G.)

कार्यक्रम आयोजित होते रहें है। ग्राम सरपंच श्री पुरुषोत्तम राठिया जी ने कहा कि शिविर के लिए ग्राम–काफरमार को चुना गया इसके लिए महाविद्यालय व रा.से.यो. को बहुत–बहुत धन्यवाद । शिविर के कार्यक्रम अधिकारी श्री रविन्द्र कुमार थवाईत रा.से.यो. के सात दिवसीय कार्यक्रम के दैनिक दिनचर्या को बताया । समापन समारोह में महाविद्यालय के समस्त अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे। समापन समारोह में विशाल जन समूह (ग्रामवासी) उपस्थित थे। अंत में आभार प्रदर्शन सहा.प्राध्या. श्री वासुदेव प्रसाद पटेल द्वारा किया गया।

जिला–रायगढ़ (छ.ग.)

Principal
Shahid Veer Narayan Singh Govt. College
Jobi-Bara, Raigarh (C.G.)

कार्यक्रम अधिकारी, रा. से. यो
शहीद वीर नारायण सिंह शास. महा
जोबी–बर्रा जिला–रायगढ़ (छ.ग

# ग्रामीणों को जागरूक करने एनएसएस कैम्प का योगदान सराहनीय : जायसवाल



समवेत शिखर संवाददाता

**खरसिया।** नरवा गरवा घुरवा बारी की थीम पर ग्राम काफरमार में आयोजित जोबी कॉलेज के एनएसएस कैम्प में रविवार को परिक्षेत्र कलार समाज अध्यक्ष तिहारु जायसवाल एवं ब्लाक युवाकांग्रेस अध्यक्ष युवराज जायसवाल आमंत्रित अतिथि के रुप में शामिल हुए।

एनएसएस कैम्प के पांचवें दिन बौद्धिक कार्यक्रम में उपस्थित युवराज जायसवाल ने उद्बोधन में बताया कि नरवा गरवा घुरवा बारी का सीधा सम्बंध किसान से है। वहीं कहा कि यदि हम स्वयं इस योजना को समझकर अन्य लोगों को समझायेंगें तो हमारे गांव और प्रदेश को समृद्ध एवं खुशहाल बनाने में बडा योगदान होगा।

वहीं तिहारु जायसवाल ने कैंप में उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि जोबी कॉलेज के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में एनएसएस कैंप लगाकर ग्रामीणों को जागरूक करने सराहनीय पहल की जा रही है। कार्यक्रम में अतिथियों को सुनने प्रिंसिपल अर्चना आसटकर, कार्यक्रम अधिकारी आरके थवाईत,राजेन्द्र साहू, जयकी चौहान एवं छात्र-छात्राओं सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना से सेवा एवं समर्पण का शिक्षा मिलती है: मंत्री उमेश पटेल



नंदेली | शासकीय महाविद्यालय जोबी के राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के समापन अवसर पर ग्राम काफरमार में उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री उमेश पटेल पहुंचे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों में सेवा और समर्पण की भावना एवं कर्तव्य निर्वहन कि शिक्षा देती है। हमारे लिए खुशी की बात है कि शासकीय महाविद्यालय जोबी के राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर काफरमार में हुआ। उन्होंने शिविरार्थियों, आयोजकों, सहयोगियों एवं स्वयं सेवियों का सम्मान किया। समापन समारोह में सरपंच, बीडीसी, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी, कॉलेज के प्राध्यापक एवं कर्मचारी व ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# काफरमार में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर

नवभारत रिपोर्टर | जोबी.
www.navbharat.org

शहीद वीर नारायण सिंह शासकीय महाविद्यालय जोबी-बर्रा द्वारा सात दिवसीय शिविर का आयोजन ग्राम काफरमार में 17 दिसम्बर से 23 दिसम्बर तक किया गया . कार्यक्रम का मुख्य थीम नरवा, गरवा ,घुरवा ,बारी के लिए युवा था इस शिविर में 67 स्वयंसेवकों ने भाग लिया . शिविर के समापन में मुख्य अतिथि उमेश पटेल उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास, खेलकूद युवा कल्याण मंत्री छत्तीसगढ़ शासन रहे. उच्च शिक्षा मंत्री को अपने बीच पाकर बच्चे गदगद हो गये. साथ में विशिष्ट अतिथियों में श्रीमती नैना गवेल पिछड़ा वर्ग प्रदेश उपाध्यक्ष एवं शिविर की अध्यक्षता पुरुषोत्तम नाथ राठिया ने किया .अतिथियों का स्वागत करमा नृत्य के द्वारा किया गया. शिविर के छात्राओं ने बहुत सुंदर स्वागत नृत्य भी प्रस्तुत किया गया. कार्यक्रम में रामदयाल राठिया विधायक प्रतिनिधि बरगढ़ खोला ने कहा कि स्वर्गीय नंदकुमार पटेल ने बरगढ़ खोला को अपने समय में अनेक सौगात प्रदान की है. जिसमें स्कूल, अस्पताल , आंगनबाड़ी , सीसी रोड निर्माण इत्यादि है वही श्रीमती नैना गवेल ने कहा कि हमारी आत्माएं गांव में बसती है और आपने इस शिविर के लिए गांवों को चुना इसके लिए आप लोगों को बहुत-बहुत धन्यवाद है. शिविर के कार्यक्रम अधिकारी आरके थवाईत ने एनएसएस के सात दिवसीय कार्यक्रम के दैनिक दिनचर्या का क्रम बताते हुए कहा कि छात्र एवं छात्राओं द्वारा प्रतिदिन स्कूल प्रांगण की साफ-सफाई, नाली निर्माण , नालियों की साफ-सफाई ,तालाब की साफ-सफाई एवं और भी बहुत से अन्य कार्य गांव में किए गए. श्रीमती अर्चना आसटकर प्राचार्य महा. जोबी बर्रा ने बताया कि महाविद्यालय द्वारा इस शिविर के अलावा समय पर और भी कार्यक्रम आयोजित होते रहे है.

— शिविर मूल्यांकन —

1. **मा.डॉ.मनोज सिन्हा** – कार्यकम समन्वयक रा.से.यो.
   अटल बि.वाजपेयी वि.वि. बिलासपुर।
2. **डॉ. एस. के. एक्का** – जिला संगठक रा.से.यो. रायगढ़।
3. **प्रो. बी. के. पटेल** – जिला संगठक रा.से.यो. जांजगीर।

————0000————

# शिविर समापन

**दिनांक 23.12.2019, सोमवार, दोपहर 12:00 बजे**

**मुख्य अतिथि** – **माननीय श्री उमेश नंदकुमार पटेल**

(उच्च शिक्षा,तकनीकि शिक्षा ,कौशल विकास खेलकुद युवा कल्याण मंत्री छ.ग.)

**विशिष्ट अतिथि** – **श्रीमती नैना गबेल** (पिछड़ा वर्ग प्रदेश उपाध्यक्ष )

**श्री जमील कुरैशी** (बरगढ़ खोला प्रभारी )

अध्यक्ष : **श्री पुरूषोत्तम नाथ राठिया** (सरपंच ग्राम पंचायत काफरमार )
: **श्रीमती शकुन्तला राठिया** (भूतपूर्व सरपंच काफरमार)

————000————

**छात्रसंघ –कु.सुनीता राठिया** –अध्यक्ष , **भूपेन्द्र राठिया**–उपाध्यक्ष ,**ममता राठिया** –सचिव
**आशिष राठिया**–सहसचिव

— **स्वागतोत्सुक** —

**राष्ट्रीय सेवा योजना के सीनियर छात्र/छात्राएं श्री टिकेश्वर पटेल, दुर्गेश मेहर,पुष्पेन्द्र पटेल, ओंकेश्वर मेहर ,परवेज मोहम्मद, अमित श्रीवास, राजा मरकाम ,भोजराम राठिया ,कार्तिक राम सिदार, सुनील यादव, मितेश राठिया,नरेन्द्र गबेल,केशव राठिया, लिलेश्वरी पटेल,**
**एवं**
**शहीद वीर नारायण सिंह शासकीय महाविद्यालय जोबी–बर्रा, जिला–रायगढ़ (छ.ग.)के समस्त छात्र/छात्राएं**

**श्री लगन सिंह राठिया (प्रधानपाठक) ,श्री हेतराम राठिया, श्री ईश्वर सिंह राठिया (शिक्षक) श्री विजय कुमार (स्वीपर )( शा. माध्या. विद्यालय समस्त शिक्षकगण काफरमार )**

——00000——

**"Arise, Awake and stop not till the goal is reached."**

**"NOT ME BUT YOU"**

# राष्ट्रीय सेवा योजना

**सात दिवसीय विशेष शिविर**

**" नरवा,गरवा, धुरवा, बारी के लिए युवा "**





**शहीद वीर नारायण सिंह शासकीय महाविद्यालय, जोबी–बर्रा**
**जिला–रायगढ़(छ.ग.)**

शिविर ग्राम – काफरमार , विकासखण्ड – खरसिया
शिविर स्थल – शासकीय माध्यमिक विद्या. काफरमार, खरसिया
शिविर दिनांक – **17/12/2019 से 23/12/2019 तक**

प्रतिष्ठा में,
श्रीमान्/श्रीमती

______________________________

______________________________

छ.ग. के चार चिन्हारी " **नरवा, गरवा, घुरवा, बारी, एवं महात्मा गांधी** " तथा ग्रामीण विकास के अन्तर्गत दिनांक 17/12/2019 से 23/12/2019 तक सात दिवसीय शिविर ग्राम काफरमार में आयोजित है। उक्त शिविर में अतिथि बनकर शिविरार्थियों के उत्साहवर्धन एवं नवप्रेरणा हेतु आपकी उपस्थिति अपेक्षित है।

**प्रेषक**
**श्रीमती अर्चना आसटकर**
प्राचार्य

**श्री आर.के.थवाईत**
रा.से.यो. कार्यकम अधिकारी

***"All differences in this world are of degree, and not of kind, because oneness is the secret of everything"***
**- Swami Vivekanand**

**नरवा, गरवा, घुरवा, बारी, एन.एस.एस.के थीम हे ये दारी,**
**युवा मन गॉव वासी मन ल ,जागरूक बनाही संगवारी**

**शिविर उद्घाटन समारोह – 17.12..2019, मंगलवार को दोपहर 02:00**

मुख्य अतिथि : **श्री रामदयाल राठिया जी**
**( विधायक प्रतिनिधि बरगढ़ खोला )**

विशिष्ट अतिथि : **श्री पुरषोत्तम नाथ राठिया** (सरपंच ग्राम पंचायत काफरमार ) **श्री दरशराम राठिया** (वनोपज प्रबंधक समिती केवाली) **श्री सुरेश कुमार राठिया** (T.S.S अध्यक्ष जोबी) **श्रीमती पांचो बाई रमला राठिया** (ग्राम पंचायत सरपंच जोबी) **श्रीमती ताराबाई गोकुल राठिया** (सरपंच बर्रा) **हरिशंकर राठिया** (सरपंच पुछियापाली) **श्री राजकुमार पाण्डेय ,श्री सुरेन्द्र राठिया, श्री मेघ सिंह गबेल** (डोमनारा) **श्री छबिदास बैष्णव, श्री भोलेश्वर राठिया, पवन राठिया , श्री निर्मल राठिया** (सचिव काफरमार) **श्री जागर दास महंत** (सचिव जोबी)

प्राचार्य एवं संरक्षक : **श्रीमती अर्चना आसटकर (प्राचार्य,)**
कार्यकम अधिकारी :–**श्री रविन्द्र कुमार थवाईत (रा.से.यो.)**

विशेष सहयोग :– **पुलिस चौकी जोबी ,**

****मीडिया/संवाददाता का शिविर में सदैव स्वागत है ****

## शिविर गतिविधियाँ

| | |
|---|---|
| **शिविर हेतु प्रस्थान** | – दिनांक 17.12..2019, बुधवार को प्रातः 09:00 बजे विद्यालय प्रांगण से शिकिर ग्राम की ओर। |
| **शिविर दिनचर्या** | – प्रतिदिन प्रातः 05:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक। |
| **प्रातः कालीन दिनचर्या** | – प्रतिदिन प्रातःकालीन प्रभातफेरी, प्रार्थना, विचार, अभिव्यवित्त, योग व्यायाम। |
| **परियोजना कार्य** | – प्रतिदिन श्रमदान प्रातः 09:00 बजे से 11:00 बजे तक। गॉव की गली, हैण्डपम्प, स्कूल परिसर, तालाब घाट की साफ–सफाई। |
| **बौद्धिक चर्चा** | – प्रतिदिन दोपहर 02:30 बजे से 04:30 बजे तक। |
| **संध्या कालीन** | – रा.से.यो. खेल एवं ग्राम संपर्क। |
| **सांस्कृतिक कार्यकम** | – **रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक।** |

## बौद्धिक कार्यकम

**दिनांक 18.12..2019 : पर्यावरण संरक्षण, रसायन का बढता प्रकोप दुष्परिणा**
**मुख्य अतिथि : श्री छोटे लाल डनसेना** (रेंजर खरसिया )
**विशिष्ट अतिथि : श्री उमाशंकर डनसेना** (वन परिक्षेत्र जोबी ) **शिव कुमार गबेल** (वन परिक्षेत्र सहा. बरगढ़ ) **चन्द्रा कुमार राठिया** (वन परिक्षेत्र रॉक गार्डन बोतल्दा) **राकेश कुमार नेताम, अरूण कुमार सोनवानी, रामप्रसाद डनसेना** (वनरंक्षक) **कृपाराम सिदार** (अगासमार) **देव सिह डनसेना** (नदगॉव)

**दिनांक 19.12..2019 : पोषक आहार, आयुर्वेद, तथा नशा मुक्ति अभियान**
**मुख्य अतिथि : डॉ. सुरेश कुमार राठिया** ( विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी )
**विशिष्ठ अतिथि : डॉ.वासुदेव महापात्रा** (आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी बर्रा ) **डॉ.मनीषा राठिया ,** (चिकित्सा अधिकारी जोबी ) **सगाराम राठिया, जेठ सिंह राठिया** (कुर्रू) श्री भोलन राठिया (जोबी )

**दिनांक 20.12..2019 : राष्ट्र निर्माण में महिलाओं का योगदान एवं महिला सशक्तिकरण ,नारी शिक्षा**
**मुख्य अतिथि : डॉ. अंजनी तिवारी** (प्रभारी प्राचार्य शासकीय कि.कला व विज्ञा. महा. रायगढ़ )
**विशिष्ठ अतिथि : श्री.एस.एल.सोनवानी** (प्रभारी प्राचार्य बरमकेला)**डॉ.प्रीति बाला बैस** (सहा.प्राध्या) **डॉ. आनंद शर्मा** (सहा.प्राध्या) ,**श्रीमती सरला जोगी** (सहा.प्राध्या) ,**ओम प्रकाश पटेल** (प्राचार्य, शा.उ.मा.वि.कन्या जोबी ) **महेत्तर सिंह राठिया** (नगोई) श्री तुलेश्वर पटेल ,श्री महिपत लाल पटेल (नगोई)

**दिनांक 21.12..2019 : नरवा, गरवा, घुरवा, बारी छत्तीसगढ़ी महत्वकांक्षी योजना**
**मुख्य अतिथि : श्री विजय जायसवाल ढिमानी** (अध्यक्ष महससभा छ.ग.कलार समाज )
**विशिष्ठ अतिथि : श्री तिहारू जायसवाल** ( अध्यक्ष खरसिया परिक्षेय छ.ग.कलार) **श्री युवराज जायसवाल** (अध्यक्ष ब्लाक युवा काग्रेस खरसिया ) **श्रीमती संतोषी राठिया** (बी.डी.सी ) **श्रीमती सुलोचना सिदार , श्रीमती फूलकुमारी राठिया** (सरपंच नगोई) **धरमलाल राठिया** (कटौद), **बलदेव राठिया** (केंवाली)

**दिनांक 22.12.2019 : छ.ग. लोक संस्कृति की विशेषता, आदर्श विचार , आदर्श समाज**

**मुख्य अतिथि : श्रीमती रोहणी रामकुमार चन्द्रा** (जनपद सदस्य धरमजयगढ़)

**विशिष्ठ अतिथि : श्री कन्हैया लाल राठिया** (मण्डल अध्यक्ष जोबी) **,श्री हेमसिंह राठिया, घासीराम पटेल, रामाधार गबेल , श्री भुपेन्द्र वर्मा ,श्री बजरंग सिदार, श्री जय सिंह राठिया** (अधीक्षक बरगढ) **,श्री अशोक राठौर , श्री ज्ञानलाल चौहान श्री परमानंद राठिया** (शिक्षक) **अभिषेक अग्रवाल** (पत्रकार नवभारत प्रेस)

**— विशेष सहयोग —**

श्री वासुदेव प्रसाद पटेल , श्री एस. पी. दर्शन , श्रीमती श्वेता जैन , श्री पी.एल.अनंत , श्री पी.एस.सिदार , श्री एल. आर.लास्कर , श्री अजय श्रीवास , रोशन राठिया
श्री मोहन राम सारथी , युगल किशोर नेगी , महात्मा खांण्डे

अतिथि व्याख्याता –, श्री अक्षय कंवर , श्री रूपेन्द्र साहू , श्री डुलेश्वर साहू , कु. प्रतिमा कमलसेन , कु.दृष्टि राजपूत , कु.हेमलता पाण्डेय

— ग्रामवासी गणमान्य —

श्री पुरूषोत्तम नाथ राठिया (सरपंच) श्री पवन कुमार राठिया (उपसरपंच) श्री निर्मल सिंह राठिया (सचिव) श्री पदुमनाथ (गौटिया) श्रीमती शकुन्तला राठिया, श्रीमती पार्वती राठिया, श्रीमती गंगामति राठिया (पूर्वसरपंच) श्रीजोतराम चौहान (कोटवार) ग्राम पंचायत के समस्त पंचगण एवं गणमान्य काफरमार


Till the Goal Is Reached.
राष्ट्रीय युवा दिवस